Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding relief and assistance to pomegranate farmers distressed due to attack of shot hole borer pest on pomegranate in Maharashtra

डॉ. जयसिधेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर, महाराष्ट्र तथा पूरे महाराष्ट्र मे अनार के ऊपर शॉट होल बोरर कीट के प्रभाव पड़ने से हजारों हेक्टेयर अनार का नुकसान हुआ । 70 हजार हेक्टेयर अनार शॉट होल बोरर कीट से प्रभावित है । इसी कारण, तुरंत कमेटी गठित करके शोलापुर जिले की अनार समस्या का हल करने के लिए इस गठित कमेटी ने शोलापुर के अनार की खेती का अध्ययन एवं मुआयना किया एवं इस परिस्थिति का विस्तृत अहवाल ICAR के हॉर्टीकल्चर विभाग को सौंप दिया । मैं माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री महोदय से विनती करता हूँ कि अनार उत्पादक किसानों का बहुत नुकसान हुआ है । किसानों को सहायता, राहत मिलने हेतु गठित कमेटी की रिपोर्ट अनुसार उचित कार्यवाही हो । अनार उत्पादक किसान अनार खेती से दूर न हों, इस पर केन्द्र सरकार द्वारा ध्यान देने की आवश्यकता है, ऐसा मेरा आग्रह है ।